तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 11 नवंबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

धाराशिव-गोविंदा पहुंच मार्ग जर्जर
बड़े-बड़े गड्ढों से आवागमन में परेशानी



खबर संक्षेप

बेरोजगार युवाओं के लिए जनपदों में प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

सक्ती। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एस.आई.एस. इंडिया लिमिटेड द्वारा विभिन्न जिले के जनपदों में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 16 नवंबर को जनपद पंचायत डभरा, 17 नवंबर को शासकीय आईटीआई डभरा, 18 नवंबर को जनपद पंचायत मालखरौदा, 19 नवंबर को शासकीय आईटीआई मालखरौदा, 20 नवंबर को जनपद पंचायत सक्ती, 23 नवंबर को जनपद पंचायत जैजैपुर तथा 24 नवंबर को शासकीय आईटीआई जैजैपुर में किया जाएगा। कैंप का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं दो फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

आंगनबाड़ी केन्द्र सांकर में सहायिका पद के लिए आवेदन 10 तक

जांजगीर-चांपा। कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र सांकर क. 1 में आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त होने के कारण भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा ने बताया कि 10 नवम्बर तक ऑनलाईन लिंक मे के माध्यम से अनिवार्य दस्तावेजों की फाइल डाउनलोड करते हुए आवेदन कर सकतें है। नियत समय के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। साथ ही आवेदन के समय अनिवार्य दस्तावेजों की फाइल डाउनलोड न करने की स्थिति में आवेदन स्वीकृत नही किये जायेंगे। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा से संपर्क किया जा सकता है।

पीएम फसल बीमा योजना : योजना का लाभ लेने अंतिम तिथि 31 तक

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के रबी मौसम के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। योजना के तहत टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, आलू एवं प्याज जैसी बागवानी फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। सहायक संचालक उद्यान श्रीमती रंजना मखीजा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी मौसम 2025-26 के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

8 ग्राम पंचायतों में पीडीएस दुकान संचालन के लिए 16 तक आवेदन

सक्ती। जिले के विकासखंड सक्ती की ग्राम पंचायत सकरेलीकला, परसदाखुर्द, गढगोढ़ी, पतेरापालीकला, केरीबंधा, अर्जुनी, ऋषभतीर्थ एवं बोईरडीह में शासकीय उचित मूल्य की दुकान रिक्त होने पर इच्छुक संस्थाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक संस्थाएं निर्धारित शर्तों के अधीन 16 नवम्बर तक एसडीएम सक्ती में कार्यालयीन समय पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।
शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु अधिकृत संस्थाओं में ग्राम पंचायत, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति एवं अन्य सहकारी समितियां शामिल हैं। किसी निजी व्यक्ति को अधिकृत नहीं किया जा सकेगा। ग्राम पंचायत को आवंटित उचित मूल्य की दुकान का संचालन ग्रामसभा द्वारा नामांकित एक समिति के माध्यम से किया जाएगा।

हर्षोल्लास के साथ मना साल का सबसे बड़ा त्यौहार

जगमग हुए घर-द्वार, धमाकों के बीच मनाया गया दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

साल का सबसे बड़ा त्योहार दीपावली जिलेभर में हर्ष, उल्लास और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। दीपों की सुनहरी आभा से पूरा जिला जगमगाता रहा। नगर के घर-आंगन, मंदिर, बाजार और गलियां दीपों की रौशनी से नहा उठीं। लोगों ने अपने घरों को आकर्षक रंगोलियों, झालरों और फूलों से सजाया। हर ओर खुशियों का माहौल बना रहा। शाम होते ही दीपों की कतारें घरों की चौखटों, दीवारों और छतों पर सज गईं। शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और कुबेर की पूजा-अर्चना की गई।

ज्ञात हो कि रविवार 8 नवंबर को दीपावली त्यौहार पर महिलाओं ने लक्ष्मी पूजन के पारंपरिक गीत गाए और परिवार की समृद्धि की कामना की। पूजा के पश्चात घरों में मिठाई वितरण, आतिशबाजी और आतिथ्य का दौर देर रात तक चलता रहा। बच्चों में खास उत्साह, आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाया। बच्चों में दीपावली को लेकर खास जोश देखने को मिला। शाम ढलते ही गली-गली में बच्चों की टोलियां पटाखे जलाते और अनार, फुलझड़ी, चकरी से खेलते नजर आए। देर रात तक आतिशबाजी की गूंज से पूरा नगर गुंजायमान रहा। आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा।





दीपावली में पटाखा जलाते बच्चे एवं रंगोली बनाती युवती।

प्रशासन की ओर से सुरक्षा के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। त्योहार को लेकर बाजारों में पूरे दिन चहल-पहल रही। मिठाई की दुकानों पर भीड़ लगी रही, वहीं सर्राफा, बर्तन, कपड़ा और सजावटी सामग्री की दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। दीपावली के अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दीं। अन्नकूट के तहत विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किए गए और भगवान को भोग लगाया गया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर परिवार और समाज की समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर भक्ति संगीत, भजन संध्या और दीपदान कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। शहर से लेकर गांव तक

गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव में दिखा उत्साह

दीपावली के बाद मंगलवार 10 नवंबर को जिले भर में गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। घरों में मिट्टी से गोवर्धन पर्वत का प्रतीक बनाकर पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना करते हुए गौ सेवा और अन्नदान का संकल्प लिया। गौशालाओं में विशेष सजावट की गई थी। मंगलवार को गोवर्धन पूजा जांजगीर के अलावा चांपा, बलौदा, पामगढ़, नवागढ़, अकलतरा, बम्हनीडीह समेत अन्य क्षेत्रों में उत्साह के साथ मनाया गया।

दीपों का महासागर, चारों ओर खुशी का माहौल दीपावली और अन्नकूट उत्सव के अवसर पर न केवल शहर बल्कि गांव-गांव में भी दीपों की जगमगाहट देखने को मिली। ग्रामीण इलाकों में भी लोग एक-दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएं दे रहे थे। मंदिरों में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और मंदिरों में पुलिस बल तैनात रहा। दमकल विभाग की टीम भी अलर्ट पर रही, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। दीपावली त्यौहार को लेकर जांजगीर चांपा जिले में रौनकता देखी गई। लोगों ने बड़े उत्साह के साथ दीपावली का त्यौहार मनाया।

पुत्र की टंगिया से वारकर हत्या करने वाला पिता चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुत्र की टंगियों से वार कर हत्या करने वाला आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टंगिया को बरामद कर लिया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम डिघोरा का है।

इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 9 नवंबर की रात्रि ग्राम डिघोरा में एक व्यक्ति की हत्या होने की सूचना मुलमुला पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही थाना मुलमुला पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूर्ण करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। मृतक की पहचान रावेन्द्र सिंह मंडावी, पिता दिलहरण मंडावी निवासी ग्राम डिघोरा के रूप में हुई।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

विवेचना दौरान पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्यों, परिस्थितिजन्य तथ्यों एवं गवाहों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने पुत्र रावेन्द्र सिंह मंडावी की हत्या करना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका पुत्र हमेशा शराब पीकर घर में गाली-गलौच एवं विवाद करता था। इसी बात से आक्रोशित होकर उसने गुस्से में टंगिया से अपने पुत्र पर वार कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टंगिया बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले में ग्राम डिघोरा निवासी दिलहरण मंडावी, पिता स्व. छेदू मंडावी उम्र 71 वर्ष को गिरफ्तार किया है। हत्या के मामले का त्वरित खुलासा करने एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी मुलमुला निरीक्षक शिवानंद सिंह, पीएसआई रितेष परमा, सहायक उपनिरीक्षक नजीर हुसैन, प्रधान आरक्षक अमृत सूर्या, रुद्रनारायण कश्यप, आरक्षक ओमप्रकाश डहरिया, देव मरकाम एवं महिला आरक्षक श्वेता सिंह का योगदान रहा।

नया बस स्टैंड में आधी रात लगी आग, 5 दुकानें जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

नया बस स्टैंड जैजैपुर में आगजनी की घटना के चलते 5 दुकानें जलकर राख हो गई। इस घटना में संचालकों को 5 लाख रुपए का नुकसान पहुंचा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 9 नवंबर की रात्रि लगभग 11 बजे पांच दुकानें आग की चपेट में आ जाने से जलकर पूरी तरह राख हो गई। आगजनी में जिन दुकानों को नुकसान पहुंचा, उनमें देवांगन फल दुकान, विकेश फल दुकान, गणेश



पान सेंटर, दुर्गा ऑनलाइन कंप्यूटर सेंटर और एक अन्य फल दुकान शामिल है। दुर्गा ऑनलाइन कंप्यूटर सेंटर में लाखों के सीसी कैमरे, कंप्यूटर, मशीन सहित सब कुछ जलकर खाक हो गया। इनकी अनुमानित क्षति लगभग 5 लाख रुपये बताई जा रही है। इसी तरह इस आगजनी से प्रभावित अन्य व्यवसायियों को भी लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है। थाने में सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जैजैपुर थाने ने मामले को विवेचना में लिया है।

सतनाम मंदिर का प्राचीन गुंबज कलश चोरी करने वाला आरोपी पकड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पचरी स्थित सतनाम मंदिर से चोरी हुए प्राचीन गुंबज कलश के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया कलश बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।क्या है पूरा मामलाग्राम पचरी स्थित सतनाम मंदिर भारत का पांचवा सतनाम तीर्थ स्थल है, जो सतनाम समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर में लगा गुंबज कलश लगभग वर्ष 1945 में स्थापित किया गया था, जो समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रतीक था।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 17-18 अक्टूबर की दरमियानी रात अज्ञात चोर द्वारा उक्त कलश को चोरी कर लिया गया था। पूर्व में भी उक्त मंदिर के विभिन्न संसाधनों को असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी एवं क्षति पहुंचाई जा चुकी है। कलश चोरी की घटना से समाज में आक्रोश व्याप्त था। प्रकरण में थाना अकलतरा में अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा विजय कुमार पाण्डेय के दिशा निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. युलेन्डन यार्क के कुशल मार्गदर्शन में एवं डॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, अकलतरा के पर्यवेक्षण में अकलतरा पुलिस द्वारा विवेचना की गई।विवेचना के दौरान ग्राम में सीसीटीवी कैमरा का अभाव होने के कारण पुलिस द्वारा लगातार स्थानीय सूत्रों से संपर्क स्थापित कर पतासाजी की गई। पतासाजी के आधार पर प्रकरण के आरोपी शुभम

मारपीट कर लूट करने वाला आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चांपा। कट्टा अड़ाकर 400 रुपये लूटने वाले आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्रार्थी राजेश मांझी 09 नवंबर को अपने चचेरे भाई के साथ सायकल से घर लौट रहा था, तभी विनय उर्फ नेपाली और गौरव साहू ने उसे रोककर कट्टा अड़ाकर धमकाया और पैसे लूट लिए। साथ ही सायकल को भी नुकसान पहुंचाया। रिपोर्ट पर थाना चांपा में धारा 126(2), 351(2), 296, 309(4), 324(2), 3(5) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपी गौरव साहू, पिता शिव कुमार साहू, उम्र 18 वर्ष, निवासी बेलदार पारा चांपा ने अपराध स्वीकार किया। दूसरे की तलाश जारी है।

जमीन को लेकर विवाद, न्याय की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

जमीन विवाद में न्याय की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा अनिश्चिकालीन आंदोलन प्रारंभ किया गया है। उनका कहना है कि जब तक मामले में कार्रवाई नहीं होती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मामला बम्हनीडीह का है।

ज्ञात हो कि पैतृक जमीन को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद और प्रशासन से न्याय नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए बम्हनीडीह का एक केवट परिवार मंगलवार 10 नवंबर को तहसील कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गया। परिवार ने जमीन पर जबरन कब्जा करने, पेड़ों को काटने, जमीन की खुदाई कर निर्माण की तैयारी करने और राजस्व अधिकारियों द्वारा



अनिश्चिकालीन आंदोलन पर डटे परिवार के लोग

शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। परिवार ने स्पष्ट किया है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। ग्राम बम्हनीडीह निवासी समय लाल पिता छेड़ूराम ने 5 नवंबर को कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर पूरे मामले से अवगत कराया था। आवेदन में बताया गया है कि उनकी पैतृक भूमि ग्राम बम्हनीडीह स्थित खसरा नंबर 186/1, 186/2, 224/2 एवं 224/3 में दर्ज है। परिवार का दावा है कि उक्त भूमि पर उनका करीब 50 वर्षों से कब्जा और निरंतर निर्विवादित आधिपत्य रहा है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि खसरा नंबर 186/1 की भूमि में से लगभग 0.016 हेक्टेयर जमीन पर ग्राम के ही एक व्यक्ति द्वारा गलत तरीके से कब्जा कर लिया गया है। वहीं खसरा नंबर 224/2 एवं 224/3 में लगे नीम के पेड़ों को काटकर उनकी जड़ों को भी उखाड़ दिया गया है। परिवार का आरोप है कि जमीन पर कब्जे की नीयत से खुदाई कर नींव तैयार की जा रही है तथा कालम खड़े करने की तैयारी की जा चुकी है। इसे लेकर परिवार के लोग अनिश्चितकालीन आंदोलन पर डटे हुए है।

इस संबंध में चांपा एसडीएम शशि चौधरी का कहना है कि मामले में तुरंत जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

रात्रि में सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले 2 आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

सूने मकान में ताला तोड़कर चोरी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम कपिस्दा का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के



अनुसार 10 नवंबर को रात्रि में किशुन चंद्रभाष के सूने मकान के मुख्य दरवाजा का ताला तोड़कर, कमरे में रखे अलमारी का लॉक तोड़कर, अलमारी में रखे नकदी रकम 25 सौ रुपये एवं पुरानी इस्तेमाली चांदी का एक जोड़ी पायल, 1 नग मंगलसूत्र, 2 नग अंगूठी, 1 नग बिछिया कुल वजनी लगभग 115 ग्राम को चोरी कर चोर भाग रहे थे। गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर घेराबंदी कर आरोपी सोनू कुमार साहू व रितेश कुमार पटेल निवासी कपिस्दा को पकड़ा गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए), 3(5) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों ने अपने मेमोरेंडम कथन में किशुन चंद्रभाष के मकान का पाना एवं पेचकस से दरवाजा कुंडी काटकर, दो अलग-अलग कमरों में रखे अलमारी से चांदी के जेवर एवं मोटर साइकिल को घटनास्थल पर छोड़ना बताया है। आरोपी सोनू कुमार साहू व रितेश कुमार पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम महंत का मामला

महिला कमांडो से मारपीट, कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी से लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

गांव में असामाजिक तत्वों से निपटने के साथ कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से महिला कमांडो का गठन किया गया है लेकिन शांति व्यवस्था बनाने वाले महिला कमांडों से मारपीट की गई है। इसे लेकर कमांडो समूह की महिलाओं ने एसपी से फरियाद लगाते हुए इस पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञात हो कि महिला कमांडो के अनुसार गांव के श्यामलाल एवं उनके साथियों द्वारा उनके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की गई थी। बताया जा रहा है कि घटना के समय महिला कमांडो गांव में अपनी जिम्मेदारी निभा रही थीं, तभी



एसपी से फरियाद लगाने पहुंची महिलो कमांडों।

विवाद की स्थिति निर्मित हुई और आरोपियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इस घटना से गांव की अन्य महिला कमांडो और ग्रामीणों में भी आक्रोश है। महिला कमांडो का कहना है कि समाज में नशा, जुआ, अवैध शराब और महिला सुरक्षा को लेकर काम करने वाली कमांडो टीम के साथ इस तरह का व्यवहार न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि उनके मनोबल को भी ठेस पहुंचाता है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि आरोपियों के विरुद्ध शीघ्र जांच कर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी महिला कमांडो के साथ इस तरह का व्यवहार करने की हिम्मत न करे। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने महिला कमांडो की शिकायत को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुना। उन्होंने कहा कि महिला कमांडो पुलिस विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो गांव-गांव में जागरूकता और सुरक्षा का काम कर रही हैं। उनके साथ मारपीट और अभद्रता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस पर पुलिस अधीक्षक श्री पाण्डेय ने आश्वस्त किया कि मामले में आवश्यक जांच कर मारपीट एवं अभद्रता करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध शीघ्र नियमानुसार उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित थाना प्रभारी को भी इस मामले में त्वरित कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही। पुलिस अधीक्षक से मुलाकात के बाद महिला कमांडो ने संतोष व्यक्त किया। उनका कहना है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए आश्वासन से उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। अब देखना होगा कि इस मामले में पुलिस कितनी जल्दी कार्रवाई करती है और आरोपियों पर क्या कार्रवाई होती है।

फड़ पर सायबर टीम ने दी दबिश, 11 जुआरियों के साथ 42 हजार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद के डगनिया तालाब में कई दिनों से संचालित खैवाली जुआ के फड़ पर पुलिस की साइबर टीम ने दबिश देकर 11 जुआरियों को पकड़ा। कार्रवाई के दौरान 42 हजार 500 रुपए नकद, एलईडी लाइट सहित जुआ खेलने में उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री जब्त की गई। वहीं जुआ स्थल के आसपास खड़ी करीब 20 मोटरसाइकिलें भी मिलीं जिन्हें दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर थाना लाया गया।

सक्ती पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देश पर साइबर सेल की टीम ने यह कार्रवाई की। डगनिया तालाब में पिछले कई दिनों से बड़े स्तर पर खैवाली जुआ संचालित होने की शिकायतें मिल रही थीं। 4 नवंबर से जुए का खेल शुरू हुआ था। इसमें शामिल होने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से 500 रुपए प्रवेश शुल्क लिया जाता था जबकि चकरी चलाने यानी तीन घर जीतने वाले खिलाड़ी से 2 हजार रुपए लिया जाता था। ग्रामीणों द्वारा कई बार हसौद पुलिस से शिकायत किए जाने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं की गई।। एसपी के निर्देश के बाद साइबर टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पकड़े गए जुआरियों में हसौद निवासी अर्जुन साहू, रामेश्वर प्रसाद साहू, सुमरित देवांगन, फलेन्द्र चंद, लक्ष्मी प्रसाद यादव, पंचराम साहू, गौरी शंकर चंद्रा, मूलचंद साहू, चानिकराम, गोविंद राय और नरसिंह मधुकर शामिल हैं।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयनित आलिया का पूर्व मुख्यमंत्री ने किया सम्मान



शिवरीनारायण। नगर की बेटी आलिया यादव ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए शिवरीनारायण नगर एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आलिया का चयन जम्मू-कश्मीर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की बालिका अंडर-17 क्रिकेट टीम में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित शिवरीनारायण एवं आसपास के क्षेत्रों में खुशी और उत्साह का माहौल है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर खरौद में यादव समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आलिया यादव का सम्मान कर उन्हें बधाई दीं। उन्होंने आलिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। खेल के क्षेत्र में भी बेटियों की ऐसी उपलब्धियां समाज और प्रदेश के लिए गौरव की बात हैं।इस अवसर पर पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश ने भी आलिया को गले लगाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। कार्यक्रम में यादव समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। सभी ने आलिया की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।उल्लेखनीय है कि आलिया यादव शिवरीनारायण कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव एवं पूर्व पार्षद सविता यादव की सुपुत्री हैं। वे वर्तमान में रायपुर स्थित विप्र पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत हैं। क्रिकेट के प्रति उनकी लगन, निरंतर अभ्यास और शानदार प्रदर्शन के चलते उनका चयन छत्तीसगढ़ की अंडर-17 बालिका क्रिकेट टीम में हुआ है। अब वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।आलिया की इस सफलता पर शिवरीनारायण एवं खरौद नगर के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिकजनों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सभी को उम्मीद है कि आलिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाएंगी।

चौकी फगुरम में सौहार्दपूर्ण माहौल में मना दीपोत्सव



फगुरम। दीपावली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश लेकर आता है। इसी भावना के साथ चौकी फगुरम परिसर में दीपोत्सव का आयोजन उत्साह और आत्मीयता के साथ किया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों और क्षेत्रीय पत्रकारों ने एक साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान चौकी प्रभारी अनवर अली ने चौकी में पदस्थ समस्त पुलिस स्टाफ को दीपावली के अवसर पर एक-एक सेट वर्दी का कपड़ा एवं मिठाई वितरित की। समारोह में क्षेत्र के पत्रकार भानु प्रताप गवेल, कबीर दीवान, विक्की महंत, अरुण निराला एवं भुवन चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया।

निधन

साहेबलाल साहू

चांपा-बहेराडीह। समीपस्थ ग्राम कुरदा के प्रतिष्ठित नागरिक साहेबलाल साहू का मंगलवार



3 नवंबर को आकस्मिक निधन हो गया। वे पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, समाज के लोग एवं प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

जाँजगीर मार्केट
प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

विद्यार्थी, किसान सहित ग्रामीण परेशान, शिकायत के बावजूद जिम्मेदार विभाग उदासीन

धाराशिव-गोविंदा पहुंच मार्ग जर्जर बड़े-बड़े गड्ढों से आवागमन में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम धाराशिव से ग्राम गोविंदा को जोड़ने वाला पहुंच मार्ग इन दिनों जर्जर स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिसके कारण इस मार्ग से आवागमन करने वाले ग्रामीणों, विद्यार्थियों और किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की बदहाली के चलते लोगों के लिए रोजाना आवागमन करना किसी चुनौती से कम नहीं है। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा सड़क की मरम्मत की दिशा में ठोस पहल नहीं किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है।

धाराशिव से गोविंदा को जोड़ने वाले इस पहुंच मार्ग की स्थिति बरसात के दिनों में और भी बदतर हो जाती है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से रास्ता तालाब का रूप ले लेता है। ऐसी स्थिति में राहगीरों को गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे आवागमन में परेशानी होती है। कई बार इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन गड्ढों में फंस जाते हैं। वहीं, दोपहिया वाहन चालकों को भी दुर्घटना की आशंका के बीच सफर करना



मार्ग में बने जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे।

पड़ता है। इस बदहाल पहुंच मार्ग का खामियाजा विद्यार्थियों, किसानों और अन्य ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। विद्यार्थियों को प्रतिदिन पढ़ाई के लिए आने-जाने में परेशानी होती है, वहीं किसानों को कृषि कार्यों के लिए खेतों तक पहुंचने और अपनी उपज का परिवहन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों का समय भी बर्बाद होता है और वाहनों के क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों की महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं। ऐसे में दो गांवों को जोड़ने वाले इस पहुंच मार्ग की बदहाली का असर विभिन्न वर्गों के लोगों पर पड़ रहा है।शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ समाधानग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर कई बार प्रशासन के समक्ष शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक सड़क की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

घरों में काम करने वाली दीदियों के साथ मनाई खुशियों की दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

दीपावली का पर्व केवल घरों को रोशन करने और खुशियां मनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी वास्तविक सार्थकता तभी है, जब समाज के हर वर्ग तक खुशियों का उजाला पहुंचे। इसी संवेदनशील सोच और सामाजिक सरोकार की

- स्नेह मिलन में घरेलू सहायिकाओं को तिलक लगाकर किया सम्मानित

अनूठी मिसाल पेश करते हुए जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय सेवा समिति ने घरों में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाली घरेलू सहायिकाओं (दीदियों) के साथ अनूठे अंदाज में दीपावली का उत्सव मनाया।

समिति की ओर से आयोजित इस विशेष स्नेह मिलन कार्यक्रम में आत्मीयता, सम्मान और अपनत्व का ऐसा माहौल बना कि सभी के चेहरे खुशियों से खिल उठे।कार्यक्रम की शुरुआत सभी दीदियों के माथे पर स्नेह का तिलक लगाकर की गई। इसके बाद मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने पूरे उत्साह और उमंग



के साथ हिस्सा लिया। खेल गतिविधियों के दौरान हंसी-खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता प्रतिभागियों को समिति की ओर से विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान से उनके चेहरों पर खुशी की चमक और बढ़ गई।समिति की सदस्यों ने सभी दीदियों को दीपावली के अवसर पर रंगोली, पटाखे, टिफिन, मिठाई, तेल, दीपक, बाती सहित पूजन सामग्री और विभिन्न उपहार भेंट किए। उपहार पाकर दीदियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इसके बाद सभी ने साथ बैठकर स्वल्पाहार किया और आपसी स्नेह व आत्मीयता के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर सुमन सिंह ने कहा कि दीपावली की असली खुशी तभी है, जब हमारे आसपास रहने वाला हर व्यक्ति खुशहाल हो। घरों में काम करने वाली ये दीदियां हमारे परिवार का ही हिस्सा हैं। वे पूरे साल हमारे घरों को व्यवस्थित और स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे में त्योहार की खुशियों में उन्हें शामिल करना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारा सामाजिक दायित्व और मानवीय संवेदना है। इस अनूठे आयोजन को सफल बनाने में समिति की सचिव वंदना सिंह, कोषाध्यक्ष सीता सिंघल, रंजना अग्रवाल, कविता बंसल, मीना आचार्य, रिंकी मोदी, नेहा अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय सहभागिता और सराहनीय सहयोग रहा।

पटाखे पाकर खिल उठे मासूमों के चेहरे युवाओं ने बांटी दिवाली की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दिवाली का त्योहार खुशियां बांटने का पर्व है। इसी भावना के साथ शहर के वार्ड नंबर 6 के युवाओं ने इस बार दिवाली को कुछ खास बना दिया। युवकों ने जरूरतमंद बच्चों के साथ दिवाली मनाई और उन्हें पटाखे बांटकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी।

संत रविदास नगर, स्टेशन रोड नैला में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के तहत बाल गृह (बालक) का संचालन किया जा रहा है। यह संस्थान 30 से अधिक ऐसे बच्चों का आशियाना है, जो किसी न किसी कारण से परिवार के संरक्षण से वंचित हैं। इन बच्चों की शिक्षा, भोजन, स्वास्थ्य और देखभाल की पूरी व्यवस्था शासन द्वारा की जा रही है। यहां बच्चों की देखभाल के लिए केयर टेकर सहित अन्य स्टाफ



बाल गृह पहुंचकर बच्चों को पटाखे वितरित कर दीपावली की खुशियां बांटते युवा।

की भी व्यवस्था है। बच्चों की पढ़ाई अच्छे स्कूलों में कराई जा रही है। दिवाली की खुशियों में इन बच्चों को भी शामिल करने के लिए बीडीएम नगर जांजगीर के युवाओं अम्बिकेश शर्मा, सैयद अली, संकल्प चौबे और आर्या शर्मा ने बाल गृह पहुंचकर बच्चों को पटाखे वितरित किए। पटाखे पाते ही बच्चों और किशोरों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों ने आतिशबाजी कर दिवाली का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान बाल गृह के स्टाफ ने भी युवाओं के इस नेक कार्य की सराहना की।युवाओं ने कहा कि असली दिवाली वही है, जो दूसरों के जीवन में रोशनी लाए। समाज के हर व्यक्ति को ऐसे बच्चों की खुशियों में भागीदार बनना चाहिए।

किसानों को समिति में लाइन लगाने की नहीं होगी परेशानी

सक्ती। शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु खरीदी अवधि 15 नवंबर से 15 जनवरी तक निर्धारित की गई है। धान खरीदी प्रारंभ होने के 5 दिन पहले से अर्थात 10 नवंबर से किसानों को टोकन जारी किए जा रहे हैं। किसान 15 नवम्बर से 15 जनवरी तक के किसी भी दिन का टोकन अपनी सुविधा अनुसार ले सकेंगे। किसानों से अपील किया गया है कि यदि उनका धान विक्रय के लिए तैयार हो गया है तो वे टोकन कटाकर अपना धान विक्रय कर ले। जिले की 96 सहकारी समितियों में 129 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। इस वर्ष भी किसान विगत वर्ष की भांति तुहर टोकन मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर सकेंगे। किसान गूगल प्ले स्टोर पर जाकर अपने मोबाइल में ऐप डाउनलोड कर टोकन जारी कर सकते हैं। इस ऐप में सर्वप्रथम किसानों को ओटीपी आधारित पंजीयन करना होगा।

जलाशयों की बदहाल स्थिति पर विधायक गंभीर, जीर्णोद्धार के लिए मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण जलाशयों की जर्जर स्थिति एवं किसानों को हो रहे नुकसान को लेकर विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कर्रानाला जलाशय कोटमी सोनार, शनिचराडीह जलाशय एवं बुड़गहन जलाशय के समुचित जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं सुरक्षा उपायों को लेकर मुख्यमंत्री तथा राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण को पत्र लिखकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।



विधायक ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि कर्रा नाला जलाशय का तटबंध इसी वर्ष जुलाई माह में भारी बारिश के दौरान टूट गया था, जिसके कारण जलाशय का पानी खेतों में फैल गया और किसानों की फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। यह घटना जलाशय की सुरक्षा एवं रखरखाव में गंभीर कमियों को उजागर करती है।वहीं,शनिचराडीह एवं बुड़गहन जलाशय का निर्माण वर्ष 1974 में हुआ था। लंबे समय से इन जलाशयों का समुचित रखरखाव एवं मरम्मत नहीं होने के कारण इनके तटबंध कमजोर हो गए हैं तथा जलाशयों में बड़े पैमाने पर गाद जमा हो गई है। वर्तमान स्थिति में इनके तटबंधों के टूटने का खतरा बना हुआ है। यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में भारी बारिश के दौरान बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे किसानों की फसलों, कृषि भूमि एवं आसपास के क्षेत्रों को गंभीर नुकसान पहुंचने की आशंका है। विधायक श्री सिंह ने मांग की है कि तीनों जलाशयों का विशेषज्ञों की टीम से तकनीकी निरीक्षण कराया जाए तथा तटबंधों की मजबूती, गाद निकासी, मरम्मत एवं आवश्यक संरचनात्मक सुधार के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर पर्याप्त राशि स्वीकृत की जाए। साथ ही कर्रा नाला जलाशय के टूटे तटबंध की स्थायी मरम्मत एवं अन्य दोनों जलाशयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि जलाशय केवल जल संग्रहण के साधन नहीं हैं, बल्कि हजारों किसानों की आजीविका और क्षेत्र की कृषि व्यवस्था का आधार हैं। किसानों को भविष्य में ऐसी आपदाओं और नुकसान से बचाने के लिए इन जलाशयों का सुरक्षित एवं मजबूत होना बेहद जरूरी है।

टेमर में योग शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टेमर सक्ती

ग्राम पंचायत टेमर के भांठा पारा में हरिद्धार से प्रशिक्षित होकर आए योग शिक्षक भेखराम यादव, दीपक पटेल, सूरज पटेल एवं भानू कुम्भकार का मां काली मंच भाठापारा में स्वागत और सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता के प्रथम चंचल पटेल द्वितीय स्नेहा पटेल एवं तृतीय पुरुस्कार देवाशीष पटेल को भी पुरस्कृत किया गया साथ ही माँ काली पूजन समिति के साथ समस्त बहनों को आयोजकों द्वारा शील्ड और सहयोग राशि से सम्मानित किया गया। योग शिक्षक गोरे लाल पटेल इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजन रहे और इन्ही के मार्गदर्शन में आज ग्राम टेमर में योग का विधिवत संचालन विगत एक वर्ष से जारी है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेजराम सेन जो स्वयं योगाचार्य है उन्होंने योग के विभिन्न फायदे एवं योग करने की विधियों और महत्व पर उद्बोधन देते हुए योग प्राणायाम का संक्षिप्त प्रशिक्षण भी दिए। अवसर मुख्य रूप से टंकेश्वर कुमार पटेल सभापति कृषि स्थाई समिति जनपद पंचायत सक्ती, रामनारायण



धीवर प्राचार्य डी.ए. व्ही. स्कूल-सक्ती, विधायक प्रतिनिधि रथराम पटेल, ग्राम पटेल रेवतीनंदन पटेल, खगेश कुमार पटेल, एकाम्बर प्रसाद पटेल, डेहरु पटेल, तेजलाल पटेल, तरुण बरेठ, दामोदर पटेल, तुलसी पटेल, शेष नारायण पटेल, दुलेश्वर पटे ल, मनोज कुमार पटेल, उमाशंकर पटेल, फणेन्द्र दर्शन, मोहन प्यारे पटेल, दुर्गश पटेल, योगेन्द्र सोनी, श्याम लाल पटेल, जीवन लाल पटेल, छत्तराम साहू, मंजू सोनी, योगिता पटेल, ऋषि पटेल, संतोषी पटेल, फिरतीन पटेल, दुकाला पटेल, सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक और दर्शकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन की जिम्मेदारी शेषनारायण पटेल ने निभाई ।

गोवर्धन पूजा प्रकृति संरक्षण और गौवंश के सम्मान का जीवंत पर्व : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती में गोवर्धन पूजा का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष रामनरेश यादव ने सपरिवार गौ पूजन एवं भोजन सेवा करते हुए पर्व के संदेश को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा का पर्व केवल एक पारंपरिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह मानव के अहंकार मर्दन, प्रकृति संरक्षण और गौवंश के सम्मान का एक जीवंत स्मृति पर्व है।

पर्व के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष रामनरेश यादव ने ब्रज भूमि से जुड़ी पौराणिक कथा का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि द्वापर युग में एक बार ब्रजवासी देवराज इंद्र की पूजा की



पूजा अर्चना करते अतिथिगण।

तैयारी कर रहे थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने तर्कों के माध्यम से समझाया कि हमारी खुशहाली का असली आधार गोवर्धन पर्वत और प्रकृति है, जो हमारी गायों के लिए चारा और जीवन का आधार प्रदान करते हैं। श्रीकृष्ण के तर्कों से सहमत होकर ब्रजवासियों ने इंद्र के बजाय गोवर्धन पर्वत की पूजा शुरू कर दी।कनिष्ठ उंगली पर उठाया था गोवर्धन पर्वतइस बदलाव से क्रोधित होकर इंद्रदेव ने ब्रज में विनाशकारी मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। संकट की इस घड़ी में भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज भूमि और जीव-जंतुओं की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को लगातार सात दिनों तक अपनी कनिष्ठ उंगली पर उठाए रखा और सभी को सुरक्षित शरण दी। अंततः इंद्रदेव का अभिमान टूटा और उन्होंने क्षमा याचना की। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया कि अहंकार मनुष्य का नाश कर देता है, इसलिए कभी घमंड नहीं करना चाहिए।छत्तीसगढ़ में पशुधन सम्मान और अन्नकूट की परंपरावर्तमान संदर्भ में पर्व की प्रासंगिकता बताते हुए रामनरेश यादव ने कहा कि आज के दिन लोग घरों में गाय के गोबर से प्रतीक स्वरूप गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर पूजा-अर्चना करते हैं। छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के अवसर पर 'पशुधन सम्मान' की गौरवशाली परंपरा पूरी आस्था के साथ निभाई जाती है। इस दिन गौवंश को सजाया जाता है, उनकी आरती उतारी जाती है और उन्हें आदरपूर्वक विशेष भोज कराया जाता है।

दीपावली मिलन में नशामुक्त भारत बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन आध्यात्मिक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में दीपावली के आध्यात्मिक महत्व के साथ

- ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में आध्यात्मिकता और सद्भाव के साथ मना दीपोत्सव,

जीवन में सकारात्मकता, मधुर वाणी, आपसी प्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर उपस्थित नगरवासियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का प्रण लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोरबा संचालिका रुक्मणी दीदी, बिंदु दीदी,



नशामुक्त भारत बनाने का संकल्प लेते लोग।

लवली बहन एवं शक्ति विश्वविद्यालय की संचालिका मधु दीदी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बिंदु दीदी ने कहा कि दीपावली का पर्व केवल घरों को रोशन करने का अवसर नहीं, बल्कि मन के अंधकार को मिटाकर जीवन में आध्यात्मिक प्रकाश लाने का संदेश देता है। प्रत्येक मनुष्य को अध्यात्म के मार्ग पर चलना चाहिए। वहीं मधु दीदी ने दीपावली के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीपावली केवल घरों में दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं है, बल्कि अपने अंतर्मन में ज्ञान, शांति, प्रेम और पवित्रता का प्रकाश फैलाने का अवसर है। जिस प्रकार एक छोटा-सा दीपक अंधकार को दूर कर प्रकाश फैलाता है, उसी प्रकार परमात्मा का ज्ञान और राजयोग ध्यान मनुष्य के जीवन से अज्ञान, विकार और नकारात्मकता को दूर कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सदैव मीठी वाणी बोलनी चाहिए। बोल में मिठास होगी तो मन में भी उजाला होगा और जब मन प्रकाशित होगा तो उसका सकारात्मक प्रभाव परिवार, समाज और पूरे वातावरण पर पड़ेगा। समारोह के दौरान उपस्थित सभी भैया-बहनों ने दीप प्रज्वलित कर नशामुक्ति अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हेमेंद्र गबेल, अनूप वर्मा, भावना नेताम परियोजना अधिकारी, रजनी टंडन भाजपा महामंत्री, अधिवक्ता ईश्वर गबेल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

केरा में आयोजित हुआ आध्यात्मिक सत्संग, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ केरा-नवागढ़

जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के पावन सानिध्य में 8 नवंबर रविवार को जिले के नगर पंचायत केरा स्थित देवांगन भवन में एक दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारित सत्संग में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और आध्यात्मिक ज्ञान का श्रवण किया।

कार्यक्रम में शास्त्रों के प्रमाण के आधार पर सतभक्ति करने, मनुष्य जीवन के उद्देश्य को समझने तथा अज्ञान और बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया गया। सत्संग के दौरान दीपावली पर्व की परंपराओं का उल्लेख करते हुए बताया गया कि प्रत्येक वर्ष लोग दीप जलाकर, आतिशबाजी कर और लक्ष्मी पूजन के माध्यम से त्योहार मनाते हैं, लेकिन किसी भी धार्मिक परंपरा को अपनाने से पहले यह जानना आवश्यक है कि उसका आधार पवित्र शास्त्रों में है या नहीं। केवल तेल के दीपक जलाने से मनुष्य के जीवन में वास्तविक आध्यात्मिक प्रकाश नहीं आ सकता। जीवन को सार्थक बनाने और आत्मकल्याण के लिए सतगुरु से तत्वज्ञान प्राप्त कर शास्त्रानुकूल सतभक्ति करना आवश्यक है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानव समाज को शास्त्रानुकूल सतभक्ति का महत्व समझाना तथा आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से मानव जीवन को सफल बनाने का संदेश देना रहा।



विजय की 'पॉकेट नॉवेल' का इंतजार हुआ खत्म

मुंबई। विजय सेतुपति की अगली बड़ी फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' दुनिया भर में 14 जनवरी, 2027 को रिलीज होगी। यह पोंगल के त्योहार के मौके पर दर्शकों तक पहुंचेगी। थियागराजन कुमारराजा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की शूटिंग अभी-अभी पूरी हुई है और इस मौके पर इसका एक नया पोस्टर भी सामने आया है। फिल्म के संगीत की जिम्मेदारी अब जीवी प्रकाश संभाल रहे हैं, उन्होंने इलैयाराजा की जगह ली है। इसी बीच, फिल्म की मुख्य अभिनेत्री मालविका मोहनन ने भी अपनी खुशी ऑनलाइन साझा की है।

लाइफ Style

शोभाना

रावण की मां बनकर बटोर रहीं सुर्खियां

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री शोभाना, जिन्होंने 200 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है, हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'रामायण' में रावण की मां कैकेसी का किरदार निभा रही हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में यश और रणबीर कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म अपनी भव्यता और दमदार अभिनय के लिए खूब सुर्खियां बटोर रही है, जिसमें शोभाना का किरदार कई दर्शकों के लिए बेहद खास बन गया है।

शोभाना हो चुकी हैं पद्म भूषण से सम्मानित : केरलम के एक मलयाली परिवार में जन्मीं शोभाना ने अपने करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्हें फिल्म 'मनिचित्रथाझु' और 'मित्र, माय फ्रेंड' के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिल चुके हैं। वह एक मशहूर भरतनाट्यम नृत्यांगना भी हैं और उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, उन्होंने 1991 में 'कलारपणा' नाम से एक डांस स्कूल शुरू किया था, जहां 600 से ज्यादा छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह बताता है कि उन्होंने भारतीय कला को पर्दे पर और पर्दे के बाहर भी कितना निखारा है।

नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में यश और रणबीर कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म अपनी भव्यता और दमदार अभिनय के लिए खूब सुर्खियां बटोर रही है, जिसमें शोभाना का किरदार कई दर्शकों के लिए बेहद खास बन गया है।



हॉलीवुड मसाला

दुनिया के सबसे बड़े म्यूजिक

फेस्ट में एंट्री



लॉस एंजिल्स। पंजाबी गायक गुरु रंधावा के नाम एक और बड़ी कामयाबी जुड़ गई है। वो दुनिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक डांस म्यूजिक फेस्टिवल्स में से एक 'इलेक्ट्रिक डेजी कार्निवल' में परफॉर्म करने वाले पहले भारतीय कलाकार बनने वाले हैं। इस ऐतिहासिक शो में वो मशहूर डीजे स्टीव अओकी के साथ स्टेज पर नजर आएंगे। हाल ही में दोनों ने मिलकर 'सर्रा रीमिक्स' गाना तैयार किया है, जिसे इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाइव पेश कर वो भारत का नाम रोशन करेंगे।




अभिनेत्री होयॉन भारतीय फिल्म में करना चाहती हैं काम

मुंबई। दक्षिण कोरियाई अभिनेत्री होयॉन भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में काम करना चाहती हैं। चर्चित वेब सीरीज स्क्विड गेम से दुनियाभर में पहचान बनाने वाली अभिनेत्री ने कहा कि वह किसी भारतीय फिल्म का हिस्सा बनना चाहेंगी, लेकिन इसके लिए फिल्म निर्माताओं को उन्हें डांस सिखाना होगा। कोरियाई साइंस-फिक्शन एक्शन थ्रिलर होप में नजर आने जा रहीं होयॉन ने भारत आने की इच्छा भी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि वह अभी तक भारत नहीं आई हैं, लेकिन यहां घूमना चाहती हैं। वह आमिर खान अभिनीत फिल्म 3 इडियट्स भी देख चुकी हैं। होयॉन ने कहा कि मैं कभी भारत नहीं आई हूं, लेकिन भारत उन जगहों में शामिल है जहां मैं घूमने जाना चाहती हूं। मैंने 3 इडियट्स देखी है। मैं किसी भारतीय प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना चाहूंगी।



गोलू गुप्ता का किरदार चाहती हैं निभाना

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने लोकप्रिय वेब सीरीज मिर्जापुर में गोलू गुप्ता के किरदार से अपने जुड़ाव का जिक्र करते हुए भविष्य में एक बार फिर इस भूमिका को निभाने की इच्छा जताई है। श्वेता ने मिर्जापुरः दि मूवी के साथ गोलू की कहानी के नए पड़ाव पर कहा कि यह किरदार उनके जीवन और अभिनय के सफर का अहम हिस्सा बन चुका है। शुरुआत में किताबों और पढ़ाई में रुचि रखने वाली शांत लडक़ी के रूप में नजर आई गोलू समय के साथ मुश्किल हालात, नुकसान और बदले से गुजरते हुए एक मजबूत महिला के रूप में विकसित हुई है। श्वेता ने कहा कि गोलू और मैं पिछले कई सालों से साथ हैं और यह सफर मेरे लिए बहुत खास है। उसे निभाते हुए एक कलाकार के तौर पर मैं भी बड़ी हुई हूं। गोलू हमेशा मेरे सफर का एक बेहद अहम हिस्सा रहेगी।



'महाकाली' से पहला गाना हुआ जारी

मुंबई। प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'महाकाली' अगले साल रिलीज होगी। 'हनु-मैन' (2024) की अपार सफलता के बाद यह पहली महिला सुपरहीरो फिल्म है, जिसमें अक्षय खन्ना असुर गुरू शुक्राचार्या का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। इसमें भूमि शेट्टी देवी महाकाली की शक्ति धारण करने वाली मुख्य भूमिका में हैं, जबकि श्रिया रेड्डी महाकाली बनी हैं। निर्माताओं ने फिल्म से पहला गाना 'आई गिरी नंदिनी' जारी कर दिया है जो देवी महाकाली को समर्पित है। यूट्यूब पर आया 'आई गिरी नंदिनी' श्रिया के देवी महाकाली अवतार को प्रदर्शित करता है। दिव्य और शक्तिशाली किरदार में वह बेहद दमदार नजर आ रही हैं। गाने को आवाज अनिला राजीव, गीता माधुरी, साई चरण ने दी है।

टीवी मसाला



'बिग बॉस 20': सलमान-करण की जोड़ी फिर मचाएगी धमाल

मुंबई। अभिनेत्री शनाया कपूर और फिल्म निर्माता करण जौहर अपनी आगामी वेब सीरीज 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' का प्रचार करने के लिए रियलिअ 'बिग बॉस 20' में एक साथ नजर आएंगे। वैराइटी इंडिया के मुताबिक ये पहला मौका होगा, जब शनाया इस लोकप्रिय रियलिटी शो के विशेष सेगमेंट 'वीकेंड का वार' का हिस्सा बनेंगी। इस दौरान करण और शनाया मंच साझा करेंगे और प्रतियोगियों से बातचीत करेंगे। हालांकि, दोनों घर के अंदर प्रवेश नहीं करेंगे।

सलमान के शो से करण का नाता पुराना : करण शो के होस्ट सलमान खान की अनुपस्थिति में 'बिग बॉस' के कई एपिसोड्स होस्ट कर चुके हैं। उन्होंने 'बिग बॉस ओटीटी' के पहले सीजन को होस्ट किया था और 'बिग बॉस' के सीजन 16 व 17 में भी सलमान की जगह मंच संभाला था। दिलचस्प बात है कि करण और शनाया की नई वेब सीरीज 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' भी उसी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी, जिस पर ये रियलिटी शो प्रसारित किया जा रहा है।

'कॉफी विद करण' जैसी मस्ती अब 'बिग बॉस 20' में : 'कॉफी विद करण सीजन 9' की तरह इस बार भी सलमान और करण के बीच जबरदस्त नोक-झोंक देखने को मिलेगी। सलमान ने शनाया के पिता संजय कपूर के साथ 'औजार' (1997), 'सिर्फ तुम' (1999) और हालिया फिल्म 'सिकंदर' (2025) जैसी कई फिल्मों में काम किया है। शनाया खुद 'बिग बॉस' की बहुत बड़ी फैन हैं और काफी समय से इस रियलिटी शो के मंच पर आने का इंतजार कर रही थीं।

शहजाद पूनावाला बने 'राइज एंड फॉल 2' के विजेता, ट्रॉफी के साथ मिले 35 लाख

मुंबई। 'राइज एंड फॉल' सीजन 2 का फिनाले हो गया है, जिसमें शहजाद पूनावाला विजेता बने हैं। शो में प्रियंका चाहर चौधरी पहली रनर-अप रहीं।



वहीं गौतम गुलाटी दूसरे रनर-अप रहे। शहजाद ने चमकती सुनहरी ट्रॉफी के अलावा, 35 लाख रुपये की इनामी राशि भी अपने नाम की। उन्होंने बताया कि वह इस रकम को बिहार और असम में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए दान कर देंगे। शहजाद ने अपनी जीत के बारे में बात करते हुए कहा, 'राइज एंड फॉल' जीतना एक ऐसा अहसास है, जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यह सफर आसान नहीं था। शो में मुझे लगातार खुद को ढालना पड़ा और आगे बढ़ते रहना पड़ा, भले ही हालात मेरे पक्ष में न हों। कई बार मन में शक भी पैदा हुआ, लेकिन अंदर ही अंदर मुझे हमेशा यकीन था कि मैं जीत सकता हूं। शहजाद ने आगे कहा, आज हाथ में ट्रॉफी लिए खड़ा हूं, तो वह यकीन हकीकत बन गया है। यह जीत इस बात का सबूत है कि पक्के इरादे और हिम्मत से क्या कुछ हासिल किया जा सकता है।

रकुल बोलीं- शूर्पणखा बनने में रोज लगते थे चार घंटे

मुंबई। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। नितेश तिवारी के निर्देशन और रणबीर कपूर के राम अवतार से सजी ये फिल्म वाल्मीकि के महाकाव्य और रामचरितमानस पर आधारित है। फिल्म में शूर्पणखा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने अब इस यात्रा को लेकर एक बेहद भावुक नोट साझा किया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर करते हुए फिल्म के निर्माताओं का दिल से आभार व्यक्त किया है।

'रामायण' का हिस्सा बनने पर जाहिर की अपनी खुशी

रकुल ने इंस्टाग्राम पर 'रामायण' की शूटिंग के दौरान की अनदेखी तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरों में वो सेट पर अपना मेकअप कराती और शूटिंग के लिए तैयार होती दिख रही हैं। एक भावुक पोस्ट लिखते हुए रकुल ने लिखा, 'ये मेरे लिए बेहद खास सफर रहा है। सदियों से हमारी संस्कृति का हिस्सा रही इस महान कहानी को इतने बड़े पैमाने पर पर्दे पर जीवंत होते देखना और इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट से जुड़ना उनके लिए गर्व का पल है।'



रकुल ने की निर्माता निर्देशक की जमकर तारीफ

रकुल ने पूरी कास्ट और क्रू का धन्यवाद करते हुए निर्माता नमित मल्होत्रा और निर्देशक नितेश तिवारी की जमकर सराहना की। उन्होंने लिखा कि इन दोनों महान फिल्मकारों ने एक बड़ा सपना देखा और उसे पर्दे पर सच कर दिखाया। भारत से इस महान कहानी को पूरी दुनिया के सामने इतने भव्य और असाधारण तरीके से पेश करने की उनकी मेहनत और इच्छाशक्ति ने पूरे सफर के दौरान सभी को गहराई से प्रेरित किया है।

4 घंटे का मेक-अप और शूर्पणखा का रूप

राकुल ने अपनी मेकअप और कॉस्ट्यूम टीम की जमकर सराहना करते हुए बताया कि उन्हें शूर्पणखा के लुक में ढालने के लिए टीम हर दिन 4 घंटे तक कड़ी मेहनत करती थी। उन्होंने बताया कि आज इस लुक को मिल रही सभी तारीफों का असली हकदार उनकी टीम का हुनर ही है। इस प्रोजेक्ट के लिए आभार जताते हुए रकुल ने कहा कि ये सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि ऐसा पल है, जो हर भारतीय को गर्व महसूस कराता है।

'मातृभूमि' ने चीन को किया बेचैन

गाल्वान की कहानी पर फिल्म से पहले ही छिड़ा विवाद

मुंबई। सलमान खान ने अपनी आने वाली बड़ी फिल्म 'मातृभूमि' की रिलीज की तारीख का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म 4 दिसंबर, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की रिलीज में देरी की वजह यह थी कि सलमान चाहते थे कि फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स एकदम शानदार हों। इसके अलावा, फिल्म की एक अहम अदाकारा को चोट लग गई थी, जिसके ठीक होने में काफी वक्त लग गया। सलमान ने बताया, हमारी ख्वाहिश है कि यह फिल्म अपनी शानदार विजुअल्स से दर्शकों को हैरान कर दे। हमने इसे बहुत ही खूबसूरती से फिल्माया है।



'मातृभूमि' गाल्वान घाटी की झड़प पर है आधारित

'मातृभूमि' फिल्म 2020 में हुई गाल्वान घाटी की उस झड़प पर आधारित है, जब भारत और चीन के सैनिकों के बीच सीधा टकराव हुआ था। इस खूनी झड़प में 20 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए थे। इनमें बिकुमल्ला संतोष बाबू भी शामिल थे, जिनका किरदार फिल्म में सलमान निभा रहे हैं। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म उन्हीं जांबाज सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है। हालांकि, जब सलमान के 60वें जन्मदिन पर फिल्म का टीजर रिलीज हुआ, तो चीन की 'ग्लोबल टाइम्स' ने इसकी कड़ी आलोचना की। चीनी अखबार का आरोप था कि फिल्म में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है। इस बयान के बाद, इस बड़ी रिलीज से पहले ही फिल्म पर विवादों का साया पड़ गया है।

जल्दी पैसा कमाने का सपना एक बड़े आर्थिक संकट में बदल जाता है

फिर हेरा फेरी' से 'चार यार' तक : जल्दी अमीर बनने का लालच दिखाती फिल्में व शोज़

मालामाल वीकली (2006)

जब एक गांव के आदमी की लॉटरी लग जाती है और अचानक उसकी मौत हो जाती है, तो उसके आसपास के लोगों के मन में लालच आ जाता है। हर कोई उस बड़ी रकम को पाने की कोशिश करने लगता है। इसके बाद झूठ, चालबाजी और हंगामे का ऐसा सिलसिला शुरू होता है, जो दर्शकों को खूब हंसाता है।

फिर हेरा फेरी (2006)

राजू, श्याम और बाबूराव को लगता है कि एक फायदे वाली योजना में पैसे लगाकर वे जल्द ही अमीर बन जाएंगे। लेकिन जल्दी पैसा कमाने का उनका सपना एक बड़े आर्थिक संकट में बदल जाता है और वे एक के बाद एक मुसीबत में फंसते चले जाते हैं।

मुंबई। लॉटरी जीतने और धोखाधड़ी वाली योजनाओं से लेकर चोरी और सट्टेबाजी तक, भारतीय फिल्मों और शोज में ऐसे कई किरदार देखने को मिले हैं, जिन्हें लगता है कि एक छोटा-सा मौका उनकी सारी परेशानियां खत्म कर देगा।



आइए, ऐसी फिल्मों और शोज पर नजर डालते हैं, जहां जल्दी अमीर बनने की चाहत किरदारों को मुसीबत में डाल देती है और उनकी जिंदगी में हास्य, गड़बड़ियों और पागलपन का तड़का लग जाता है।

अपना सपना मनी मनी (2006)

पैसा कमाने की चाहत में कई रंग-बिरंगे किरदार अलग-अलग भेष बदलते हैं, लोगों को धोखा देते हैं और तरह-तरह की चालें चलते हैं। जल्दी अमीर बनने की उनकी कोशिशों से ऐसी मजेदार गड़बड़ियां पैदा होती हैं, जहां हर कोई किसी और का रूप धारण करता नजर आता है।

चार यार (2026)

साल 2001 के मुंबई की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म चार दोस्तों की कहानी है, जिनकी जिंदगी अपराध, सट्टेबाजी, लालच और अपने फायदे के लिए कुछ भी करने की चाहत में उलझ जाती है। पैसा कमाने और रोमांच की तलाश में वे कई मुसीबतों में फंस जाते हैं। इस दौरान उनकी दोस्ती की परीक्षा होती है और उन्हें अपने फैसलों के नतीजों का सामना करना पड़ता है।

धमाल (2007)

जब चार दोस्तों को छिपे हुए खजाने के बारे में पता चलता है, तो वे सबसे पहले उस पैसे तक पहुंचने की होड़ में लग जाते हैं। लालच और जल्द से जल्द पैसा पाने की चाहत उनकी इस तलाश को मजेदार घटनाओं और अजीबोगरीब मुसीबतों में बदल देती है।

अंदाज अपना अपना (1994)

अमर और प्रेम दो ऐसे नौजवान हैं, जो अमीर बनने का सपना देखते हैं और इसके लिए किसी अमीर लड़की से शादी करना चाहते हैं। एक करोड़पति की बेटी को अपने करीब लाने की कोशिश में दोनों के बीच मुकाबला शुरू हो जाता है। गलतफहमियों, पहचान बदलने और मजेदार घटनाओं से उनकी जिंदगी में खूब उथल-पुथल मचती है।

दे दना दन (2009)

आर्थिक परेशानियों से बाहर निकलने के लिए नितिन और राम एक अमीर कारोबारी के कुत्ते को अगवा करके फिरौती मांगने की योजना बनाते हैं। लेकिन उनकी यह योजना जल्द ही उनके काबू से बाहर हो जाती है और जल्दी पैसा कमाने की कोशिश एक बड़ी अफरा-तफरी में बदल जाती है।

खबर संक्षेप

कड़ारी की अंजू ने जीता मिसेस इंडिया का खिताब



जांजगीर-चांपा। राष्ट्रीय स्तर की सौंदर्य प्रतियोगिता में कड़ारी की अंजू ने मिसेस इंडिया का खिताब जीतकर क्षेत्र को गौरव बढ़ाया है। बाराद्वार क्षेत्र के ग्राम कड़ारी निवासी अंजू यादव ने दुर्ग में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की सौंदर्य प्रतियोगिता में मिसेश इंडिया का खिताब जीता। दुर्ग शहर के पृथ्वी पैलेस में आयोजित सीजन 7 के तहत ग्रैंड फिनाले आयोजित की गई जिसमें देश के विभिन्न राज्यों जिनमें दिल्ली, राजस्थान, बिहार, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से इस सौंदर्य प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची थी। जिसमें से छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व अंजू यादव ने किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने काबिलियत के दम पर मिसेस कैटेगरी में खिताब जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई, उन्हें विजेता का ताज बॉलीवुड एवं टीवी कलाकार राना रूसाद ने पहनाया। श्रीमती यादव इसके अलावा घर में रहकर ग्रहणी की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रही है। इसे लेकर उनके पति वेद प्रकाश यादव का कहना है कि इस तरह के विभिन्न आयोजन को लेकर उनके द्वारा अपनी जीवन संगिनी को हमेशा प्रेरित किया जाता रहा है। महिलाएं आज के समय में अपने काबिलियत के दम पर आगे बढ़ रही है तो यह बात घर एवं समाज के लिए गौरव का विषय है।

बिर्रा में श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ 18 से

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के दीवान मोहल्ला में ग्राम वासियों के सहयोग से अखंड श्रीराम नाम जप सप्ताह महा यज्ञ का आयोजन बुधवार 18 नवंबर से किया जाएगा। इस दौरान सीताराम राधेश्याम का जाप लगातार एक सप्ताह तक चलेगा। राम नाम जाप का समापन बुधवार 25 नवंबर को होगा। आयोजन को लेकर ग्राम वासियों के द्वारा तैयारी की जा रही है।

15 से होगी खरीदी, तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

धान खरीदी में गड़बड़ी पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर, कोचियों-बिचौलियों पर शिकंजे की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत 15 नवंबर से होने जा रही है। इसे लेकर सक्ती जिले में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के धान खरीदी नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें अधिकारियों को खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं, धान की गुणवत्ता जांच, नमी परीक्षण, स्टैकिंग, बारदाना एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए गए।

प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही, अव्यवस्था अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करें और शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप खरीदी सुनिश्चित कराएं, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान की सेम-डे स्टैकिंग, गुणवत्ता परीक्षण, नमी की मात्रा की जांच, धान की बोरियों पर स्टेंसिल लगाने तथा बोरियों की सही गिनती सहित विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। अधिकारियों को बताया गया कि खरीदी के दौरान धान की गुणवत्ता और नमी का परीक्षण निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाए। तौल, भंडारण और अभिलेख संधारण में पूरी पारदर्शिता रखी जाए। किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाए, जिससे खरीदी कार्य प्रभावित न हो।



प्रशिक्षण में उपस्थित नोडल अधिकारियों को निर्देश देती कलेक्टर।

129 केंद्रों में होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में सक्ती जिले की 96 सहकारी समितियों के अंतर्गत कुल 129 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। किसानों की सुविधा और खरीदी व्यवस्था को अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष तीन नए धान उपार्जन केंद्र भी प्रारंभ किए गए हैं। शासन द्वारा धान खरीदी की अवधि 15 नवंबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक निर्धारित की गई है। खरीदी प्रारंभ होने के पांच दिन पूर्व यानी 10 नवंबर से किसानों को टोकन जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

किसान घर बैठे 24 घंटे प्राप्त कर सकेंगे ऑनलाइन टोकन

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी के लिए समिति स्तर पर ऑफलाइन टोकन के साथ ऑनलाइन टोकन की व्यवस्था भी की गई है। पंजीकृत किसान शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए 'तुंहर टोकन' मोबाइल ऐप के माध्यम से 24 घंटे कभी भी घर बैठे ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर सकते हैं। इस सुविधा से किसानों को टोकन के लिए समितियों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। साथ ही खरीदी केंद्रों में भीड़ कम करने और धान खरीदी की प्रक्रिया को अधिक सुगम, व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी।

मुनादी के साथ पोस्टर-बैनर से होगा प्रचार-प्रसार

कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां किसानों तक समय रहते पहुंचाई जाएं। इसके लिए गांव-गांव मुनादी कराने के साथ पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जनपद पंचायत कार्यालयों, जिला पंचायत कार्यालय, धान उपार्जन केंद्रों तथा खाद्य, सहकारिता और कृषि विभाग के कार्यालयों सहित सार्वजनिक एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर जानकारीपरक पोस्टर-बैनर लगाए जाएं। इसका उद्देश्य किसानों को टोकन प्रक्रिया, खरीदी की अवधि, समर्थन मूल्य, निर्धारित मात्रा और आवश्यक प्रक्रियाओं के संबंध में पहले से जागरूक करना है, ताकि उन्हें खरीदी के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस वर्ष शासन द्वारा धान कॉमन का समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति क्विंटल तथा धान ग्रेड-ए का समर्थन मूल्य 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान खरीदी की सीमा लिंकिंग सहित तय की गई है। खरीदी प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए बायोमेट्रिक आधारित प्रणाली से धान की खरीदी की जाएगी।

किसानों के लिए पेयजल और छाया की व्यवस्था अनिवार्य

कलेक्टर ने जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र में पेयजल, छाया सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। धान की तौल और गुणवत्ता परीक्षण निर्धारित मापदंडों के अनुरूप निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए। किसानों को किसी भी तरह की अनावश्यक परेशानी न हो और उनकी शिकायतों का समय पर निराकरण किया जाए।अवैध धान की आवक रोकने को कोचियों-बिचौलियों पर रहेगी नजरधान खरीदी के दौरान अवैध धान की आवक और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए भी कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं जांच दलों को कोचियों और बिचौलियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा जिले में अवैध धान परिवहन या अन्य अनियमित गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को गंभीरता से लिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम, तहसीलदार, जिला खाद्य अधिकारी, जिला मार्कफेड अधिकारी, जिला सहकारिता अधिकारी सहित जिले के सभी संबंधित नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन का उद्देश्य बेहतर समन्वय, सतत निगरानी और समयबद्ध तैयारियों के माध्यम से धान खरीदी अभियान को सफल बनाना है, ताकि जिले के किसानों को अपनी उपज का समर्थन मूल्य प्राप्त करने में किसी तरह की परेशानी न हो।




पंचदेव मंदिर में गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के पंचदेव मंदिर में गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव पारंपरिक श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा भगवान गोवर्धन के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए सुख, समृद्धि एवं नगर की खुशहाली की मंगल कामना की गई।

महोत्सव के अवसर पर अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में पूरे समय भक्तिमय वातावरण बना रहा। पर्व की धार्मिक परंपरा के अनुरूप आयोजित इस सामूहिक प्रसाद वितरण ने सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द एवं सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया। गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव के माध्यम से श्रद्धालुओं ने प्रकृति, गौवंश एवं पर्यावरण के संरक्षण तथा सामूहिक सद्भाव का संदेश आत्मसात किया। कार्यक्रम में लक्ष्मण मुकीम, डॉ. हरिकृष्ण मुकीम, रविंद्र मुकीम, यशवर्धन मुकीम, अखिल मुकीम, निखिल मुकीम सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 3 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा (17:00), बिलासपुर (19:30), रायपुर (21:30)
दुर्ग (22:30) एवं गोंदिया (01:00) बजे से होकर।
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
सरिर : स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
सम्पर्क नंबर :- 9165-411411



No.	MODEL	YEAR	PRICE	No.	MODEL	YEAR	PRICE	No.	MODEL	YEAR	PRICE	No.	MODEL	YEAR	PRICE
1	ALTO LXI	2012	₹ 70,000	25	WAGON R VXI	2017	₹ 2,65,000	49	SWIFT ZXI	2017	₹ 3,85,000	73	WAGON R ZXI	2023	₹ 4,85,000
2	OMNI 8S	2014	₹ 70,000	26	KWID RXL	2021	₹ 2,65,000	50	IGNIS ZETA	2018	₹ 3,85,000	74	BALENO ZETA	2021	₹ 4,85,000
3	OMNI 8 STR	2012	₹ 85,000	27	TATA TIAGO	2017	₹ 2,85,000	51	TATA NEXON	2019	₹ 3,90,000	75	TATA PUNCH	2022	₹ 4,85,000
4	ZEN ESTILO LXI	2009	₹ 95,000	28	S-PRESSO VXI	2020	₹ 2,85,000	52	HONDA AMAZE	2020	₹ 3,95,000	76	VITARA BREZZA ZDI+	2017	₹ 4,85,000
5	SWIFT LXI	2007	₹ 1,05,000	29	WAGON R ZXI	2020	₹ 2,85,000	53	DZIRE VXI	2018	₹ 4,10,000	77	DZIRE VXI	2019	₹ 4,85,000
6	SANTRO	2010	₹ 1,10,000	30	IGNIS DELTA	2017	₹ 2,85,000	54	CELERIO ZXI	2022	₹ 4,15,000	78	BALENO ZETA	2021	₹ 5,25,000
7	ALTO K10 VXI	2011	₹ 1,15,000	31	IGNIS SIGMA	2018	₹ 2,90,000	55	BALENO DELTA	2019	₹ 4,25,000	79	SWIFT VXI	2023	₹ 5,35,000
8	ALTO K10 VXI	2012	₹ 1,25,000	32	TATA TIAGO XZ+	2019	₹ 3,00,000	56	CELERIO ZXI	2022	₹ 4,25,000	80	ERTIGA VXI	2017	₹ 5,35,000
9	I 20 MAGNA	2010	₹ 1,30,000	33	SWIFT VXI	2017	₹ 3,00,000	57	DZIRE VXI	2018	₹ 4,25,000	81	XUV 300 W8	2019	₹ 5,75,000
10	ALTO K10 VXI	2012	₹ 1,35,000	34	TATA TIAGO	2019	₹ 3,10,000	58	DZIRE VXI	2022	₹ 4,35,000	82	HECTOR	2019	₹ 7,10,000
11	ALTO K10 VXI	2015	₹ 1,45,000	35	WAGON R VXI	2019	₹ 3,10,000	59	SWIFT VXI	2019	₹ 4,45,000	83	ERTIGA VXI	2020	₹ 7,55,000
12	ALTO 800 LXI	2013	₹ 1,45,000	36	WAGON R VXI	2019	₹ 3,30,000	60	DZIRE VXI AMT	2018	₹ 4,45,000	84	ERTIGA VXI	2020	₹ 7,65,000
13	WAGON R VXI	2011	₹ 1,45,000	37	S-PRESSO VXI+	2023	₹ 3,45,000	61	SWIFT ZXI	2018	₹ 4,45,000	85	ERTIGA VXI	2022	₹ 8,20,000
14	ALTO K10 VXI	2014	₹ 1,55,000	38	SWIFT VXI	2017	₹ 3,45,000	62	BALENO ZETA	2019	₹ 4,45,000	86	BREZZA LXI	2026	₹ 8,20,000
15	WAGON R LXI	2010	₹ 1,55,000	39	CELERIO ZXI	2019	₹ 3,45,000	63	TATA ALTROZ XZ	2020	₹ 4,45,000	87	ERTIGA VXI	2022	₹ 8,20,000
16	ALTO K10 VXI	2013	₹ 1,70,000	40	EECO 5 STR	2019	₹ 3,50,000	64	CELERIO ZXI+	2024	₹ 4,45,000	88	XL6 ZETA	2020	₹ 8,40,000
17	ALTO K10 VXI	2013	₹ 1,75,000	41	WAGON R VXI	2019	₹ 3,55,000	65	CIAZ SIGMA	2018	₹ 4,55,000	89	ERTIGA ZXI+	2021	₹ 8,45,000
18	DUSTER	2014	₹ 1,95,000	42	IGNIS DELTA	2019	₹ 3,55,000	66	S-CROSS ZETA	2018	₹ 4,55,000	90	MG HECTOR SHARP	2022	₹ 8,47,000
19	WAGON R VXI	2014	₹ 2,35,000	43	EECO 5STR	2019	₹ 3,55,000	67	DZIRE ZXI	2019	₹ 4,55,000	91	XL6 ALPHA	2021	₹ 8,50,000
20	WAGON R VXI	2016	₹ 2,45,000	44	SWIFT VDI	2016	₹ 3,55,000	68	DZIRE VXI	2018	₹ 4,55,000	92	KIA SELTOS	2022	₹ 8,85,000
21	WAGON R VXI AMT	2015	₹ 2,45,000	45	I 20 (IB) SPORTZ	2017	₹ 3,60,000	69	DZIRE VXI	2019	₹ 4,60,000	93	GRAND VITARA DELTA	2023	₹ 9,35,000
22	FORD FREESTYLE	2019	₹ 2,55,000	46	IGNIS SIGMA	2022	₹ 3,65,000	70	BALENO ZETA	2019	₹ 4,65,000	94	ERTIGA VXI	2025	₹ 9,55,000
23	ALTO VXI+	2020	₹ 2,55,000	47	XUV 500	2014	₹ 3,75,000	71	DZIRE LXI	2022	₹ 4,75,000	95	GRAND VITARA DELTA	2025	₹ 10,35,000
24	DZIRE VXI	2013	₹ 2,65,000	48	TATA TIAGO XT	2021	₹ 3,85,000	72	BALENO DELTA	2018	₹ 4,75,000	96	BMW X1 200	2017	₹ 11,50,000

No.	MODEL	YEAR	PRICE	No.	MODEL	YEAR	PRICE
1	ZEN ESTILO VXI	2011	₹ 75,000	27	WAGON R VXI	2021	₹ 4,06,000
2	A-STAR ZXI	2008	₹ 90,000	28	SWIFT VXI	2018	₹ 4,10,000
3	ALTO K10 VXI	2012	₹ 1,20,000	29	EECO 5 STR AC (O)	2022	₹ 4,10,000
4	ALTO K 10 VXI	2014	₹ 1,40,000	30	BALENO DELTA	2019	₹ 4,25,000
5	MICRA	2014	₹ 1,50,000	31	SWIFT VXI	2019	₹ 4,55,000
6	WAGON R VXI	2012	₹ 1,50,000	32	WAGON R VXI	2024	₹ 4,57,000
7	DUSTER RXE	2013	₹ 1,50,000	33	CRETA	2019	₹ 4,70,000
8	WAGON-R VXI	2012	₹ 1,75,000	34	S-CROSS ZETA	2021	₹ 4,70,000
9	KWID RXL	2017	₹ 1,80,000	35	DZIRE ZXI AMT	2019	₹ 4,75,000
10	WAGON-R VXI	2013	₹ 1,80,000	36	VENUE	2019	₹ 4,80,000
11	KWID RXT	2015	₹ 1,90,000	37	ERTIGA ZXI	2017	₹ 4,80,000
12	TATA TIAGO WIZZ	2017	₹ 1,95,000	38	SWIFT VXI AGS	2022	₹ 4,85,000
13	KWID RXZ	2019	₹ 2,00,000	39	WAGON R ZXI	2025	₹ 4,92,000
14	I 20 ASTA	2015	₹ 2,25,000	40	BALENO ZETA	2019	₹ 4,95,000
15	SANTRO SPORTZ	2019	₹ 2,45,000	41	BOLERO POWER+ ZXI	2019	₹ 5,00,000
16	TATA TIAGO XT	2018	₹ 2,70,000	42	DZIRE VXI	2021	₹ 5,00,000
17	GRAND I 10 ERA	2018	₹ 2,80,000	43	I 20 SPORTZ	2022	₹ 5,10,000
18	BALENO DELTA	2016	₹ 3,15,000	44	BALENO ALPHA	2021	₹ 5,20,000
19	CELERIO X ZXI	2020	₹ 3,30,000	45	DZIRE VXI	2023	₹ 5,47,000
20	GRAND I 10 NIOS 1.2	2019	₹ 3,30,000	46	SWIFT ZXI	2023	₹ 5,52,000
21	WR V 1.2 VX	2017	₹ 3,60,000	47	DZIRE VXI	2023	₹ 5,60,000
22	DZIRE VXI	2017	₹ 3,60,000	48	NEXON XM	2022	₹ 5,75,000
23	WAGON R VXI	2021	₹ 3,85,000	49	SWIFT ZXI+ AGS	2024	₹ 6,55,000
24	I 20 SPORTZ VTVT	2018	₹ 3,90,000	50	BREZZA SM. HY. ZXI	2022	₹ 6,80,000
25	DZIRE ZXI	2018	₹ 3,98,000	51	EVITARA EV ZETA	2026	₹ 15,50,000
26	DZIRE ZXI	2020	₹ 4,05,000	52	TATA HARRIER	2024	₹ 15,57,000

No.	MODEL	YEAR	PRICE
1	ALTO 800 VXI	2018	₹ 2,15,000
2	CELERIO ZXI	2017	₹ 2,25,000
3	S-PRESSO	2020	₹ 2,60,000
4	CELERIO ZXI	2024	₹ 3,75,000
5	WAGON R ZXI	2022	₹ 3,90,000
6	DZIRE VXI	2022	₹ 4,25,000
7	CITRON	2023	₹ 4,25,000
8	MAHINDRA BOLERO +ZLX	2019	₹ 5,43,000
9	TATA NEXON	2022	₹ 5,45,000
10	TATA NEXON	2022	₹ 5,50,000
11	MAHINDRA XUV300	2022	₹ 5,65,000
12	TATA PUNCH	2023	₹ 5,65,000
13	MAHINDRA BOLERO NEO	2022	₹ 6,90,000
14	DZIRE ZXI	2025	₹ 7,15,000
15	BREZZA SMART HYBRID ZXI	2023	₹ 7,50,000
16	XL6 SMART H	2021	₹ 7,75,000
17	NEW ERTIGA	2024	₹ 9,00,000
18	ERTIGA ZXI	2024	₹ 9,60,000
19	VICTORIS VXI	2025	₹ 10,00,000
20	SCORPIO	2019	₹ 10,50,000

Satya AUTO
@SATYAAUTOPVTLTD @SATYA_AUTO_PVT_LTD 9522200998 WWW.SATYAAUTO.COM
CONTACT NO. - 8037892065
PLOT NO. 53, SECTOR-C, INDUSTRIAL AREA
SIRGITTI, BILASPUR (C.G.) - 495001